## सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्रों पर विज्ञापन संख्या-VI/2021 द्वारा विज्ञापित विभिन्न गैर–शैक्षणिक पदों (समूह 'ग') पर नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की क्रमवार विधि तथा आवश्यक दिशा–निर्देश –

### ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना एवं निर्देश–

ऑनलाइन आवेदन करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नलिखित दिशा–निर्देशों को भली भॉति समझ लें एवं तदनुसार आवेदन करें–

### (अ) आवेदन करने से पूर्व की सूचना–

1. विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.svpmeerut.ac.in**पर जाकर वहाँ पर दिये गये Recruitment link पर Click करें।
2. विज्ञापन संख्या–VI/2021 पर Click करके पूर्ण विज्ञापन को Download करलें और भलीभॉति उसको देख लें और यह सुनिश्चित कर लें कि–
   (i) आप उक्त विज्ञापित पद की निर्धारित योग्यता एवं अन्य शर्ते विज्ञापन के अनुसार पूर्ण करते हैं अथवा नहीं।
   (ii) विज्ञापन के अनुसार यदि अभ्यर्थी निर्धारित शैक्षिक योग्यताएं एवं अन्य शर्ते पूर्ण नहीं करते हैं तोक दापि आवेदन न करें।
   (iii) विज्ञापित पदों पर नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया एवं लिखित परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम भी विज्ञापन के साथ क्रमशः Annexure-I एवं Annexure-II पर संलग्न हैं। कृप्या उन्हे भी भली भांतिदेख लें।
   (iv) ऑनलाइन आवेदन हेतु अभ्यर्थियों को दिये गये निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ें।
   (v) अपना फोटो तथा सभी अंकपत्र व प्रमाण पत्र इत्यादि एकत्रित कर उनको Scan कर JPG/JPEG Format मे Save कर लें। प्रमाण पत्रों के उक्त Format की ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपलोड करने हेतु आवश्यकता होगी।

### (ब) आवेदन करने की क्रमवार विधि–

| | |
|---|---|
| प्रथम चरण– | Applicant's Registration |
| द्वितीय चरण– | Login |
| तृतीय चरण – | Filling Personal Details |
| चतुर्थ चरण – | Educational Qualification, Sports/NCC/NSS एवं Experience (यदि कोई है) |
| पंचम चरण – | Online Fee Payment |
| षष्ठम् चरण – | Print Application Form |

**अभ्यर्थियों की सुगमता हेतु उपरोक्त वर्णित सभी चरणों का विवरण निम्नवत् है–**

1. **अभ्यर्थी का पंजीकरण (Applicant's Registration)** :–ऑनलाइन आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी प्रथम चरण में Applicant's Registration बटन पर Clickकरकेवांछित सूचनाएं भरकर अपना पंजीकरण करलें एवं Registration Slip काPrintलेकर सुरक्षित रख लें। (पासवर्ड अभ्यर्थी को स्वयं अपने आप बनाना होगा एव भविष्य में उपयोग हेतु इसे याद/नोट करके रखना होगा)।

2. **लॉगिन (Login):** -लॉगिन करने हेतु अभ्यर्थी को पंजीकरण (Registration) के उपरान्त प्रदर्शित हो रहे Applicant's Login बटन पर Click करने पर Login प्रदर्शित होगा।
3. **Login कैसे करें** :–अभ्यर्थी को Login करने हेतु Registration Slip में अंकित Application ID No भरें तथा अपना Password डालें जो कि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण करने के दौरान बनाया गया था।
4. **व्यक्तिगत विवरण दिया जाना** :–अभ्यर्थी को अपनी व्यक्तिगत सूचनाओं के अतिरिक्त जाति प्रमाण पत्र (केवल आरक्षित श्रेणी **SC/ST/OBC/EWS** के अभ्यार्थियों के लिए) एवं उपश्रेणी **(PWD, F.F., Ex. Serviceman)** आदि से सम्बन्धी प्रमाण पत्रों, यदि कोई है एवं अभ्यर्थी को अपना नवीनतम कलर पासपोर्ट आकार का फोटो और हस्ताक्षर की JPG/JPEG File (Maximum 150 kb each) उसके सम्बन्धित बटन Choose File पर Click करके upload करना अनिवार्य होगा। उक्त के अपलोड किए बिना Application Form Submit नहीं होगा और नही पूर्ण माना जायेगा।
5. **शैक्षिक योग्यताओं, खेलकूद/एन.सी.सी/एन.एस.एस. एवं अनुभव का दिया जाना** :–अभ्यर्थी Login करने के उपरान्त स्क्रीन पर ऊपर की ओर प्रदर्शित हो रहे बटन क्रमशः Personal Details, Educational Qualifications, Sports/NCC/NSS, Experience एवं Application Fee Payment पर क्रमानुसार एक–एक पर Click करके वांछित सूचनाएं सावधानी पूर्वक भरकर ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा।
6. **शैक्षिक योग्यताओं, खेलकूद/एन.सी.सी/एन.एस.एस./अनुभव एवं जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में निर्देश** :– अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि Online आवेदन में उनके द्वारा शैक्षिक योग्यताओं, खेलकूद/एन0सी0सी0/एन0एस0एस0 एवं अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, उप श्रेणी के सम्बन्ध में उन्होंने जो सूचनाएं भरी हैं वे पूर्णरूप से सत्य हैं।
7. **शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं अन्य दस्तावेजों को अपलोड किया जाना** :–अभ्यर्थी को अपनी शैक्षिक योग्यताओं से सम्बन्धी अंकपत्र एवं प्रमाणपत्रों तथा खेलखूद/एन0सी0सी0/एन0एस0एस0 एवं अनुभव प्रमाण पत्रों (यदि कोई है) की JPG/JPEG File उसके सम्बन्धित बटन Choose File पर Click करके upload करनी अनिवार्य होगी। उक्त के अपलोड किए बिना Application Form Submit नहीं होगा और न हीपूर्ण माना जायेगा।
8. **असत्य प्रमाण पत्रों के सम्बन्ध में निर्देश** :–अभिलेखों के सत्यापन के दौरान सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करनी होंगी। यदि सत्यापन के दौरान Online आवेदन मे दिये गये दस्तावेजों और मूल दस्तावेजों में कोई भिन्नता पायी जाती है या दस्तावेज सही/उपयुक्त नहीं पाया जाता है तो ऐसी स्थिति मे अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। साथ ही, यदि अभ्यर्थी द्वारा कोई सूचना नहीं भरी जाती है तो उसका भी उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा।
9. **आवेदन शुल्क का भुगतान** :–आवेदन शुल्क जमा करने के पूर्व अभ्यर्थी स्क्रीन पर नीचे की ओर प्रदर्शित हो रहे Preview बटन पर Click करके यह सुनिश्चित कर लें कि अभ्यर्थी द्वारा दिया गया विवरण पूर्णतया सत्य है।
10. **आवेदन पत्र में त्रुटि संशोधन**:–यदि ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी सूचना में त्रुटि है तो अभ्यर्थी Edit बटन पर Click करके उसका संशोधन भी कर सकते हैं। Edit बटन पर Click करने पर Personal Details संशोधन के लिए खुल जायेगी जिसमें दी गयी सूचनाओं को संशोधित किया जा सकता है। तदोपरान्त Save and Continue करके Educational Qualification, NCC/NSS एवं Experience को भी इसी प्रकार संशोधित किया जा सकता है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क जमा हो जाने के उपरान्त कोई भी संशोधन नहीं कर सकेंगे। किसी भी संशोधन हेतु बाद में किया गया कोई भी ई–मेल/पत्राचार मान्य नहीं होगा।

11. **निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान** :–आवेदन में वांछित सभी सूचनाएं दिये जाने एवं सुनिश्चित होने के उपरान्त अभ्यर्थी को स्क्रीन पर प्रदर्शित हो रहे Application Fee Payment के बटन पर Click करके निर्धारित आवेदन शुल्क का केवल Online Payment विधि से ही भुगतान करना होगा। आवेदन शुल्क अन्य किसी माध्यम से स्वीकार्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

12. **आवेदन पत्र को Submit करना**:–आवेदन शुल्क के सफलाता पूर्वक भुगतान होने के उपरान्त स्क्रीन पर प्रदर्शित हो रहे **SUBMIT** बटन पर Click करके आवेदन विज्ञापन में दी गयी अन्तिम तिथि तक अनिवार्य रूप से submit करना होगा। अन्तिम तिथि के बाद submit किये गये आवेदन पत्रों को निरस्त माना जायेगा। सफलता पूर्वक आवेदन पत्र submit करने के उपरान्त ही आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण मानी जायेगी।

13. **आवेदन पत्र का Print लेना** :–अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह आवेदन Submit करने के उपरान्त स्क्रीन पर प्रदर्शित हो रहे Print Application Form बटन पर Click करके आवदेन पत्र का Print लेकर भविष्य के उपयोग हेतु इसे अपने पास सुरक्षित रख लें। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र की प्रिंटिड प्रतिसभी अपलोड किये गये प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों के साथविश्वविद्यालय में वेरिफिकेशन के समय प्रस्तुत करना होगा। **अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी (प्रन्टिड कॉपी) को विश्वविद्यालय में प्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है।**

14. **लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र** :–अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा मे उपस्थित होने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अलग से डाक या अन्य किसी माध्यम द्वारा प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किया जायेगा। लिखित परीक्षा के संदर्भ में सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.svpmeerut.ac.in** एवं पोर्टल **www.recruitmentsvpuat.in** पर ही दी जायेगी साथ ही पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर SMS प्रेषित किया जायेगा। परीक्षा की तिथि निर्धारित होने के बाद अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के रिक्रूटमेंट पोर्टल से Admit Card डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उस पर अपना नवीनतम फोटो (जो ऑनलाइन आवेदन में अपलोड किया गया) चस्पाकर एवं वांछित कॉलम में अपने हस्ताक्षर कर प्रवेश परीक्षा हेतु निर्धारित तिथि पर दिये गये केन्द्र पर समय से परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

15. **लिखित परीक्षा में अनुपस्थित अभ्यर्थी** :–यदि कोई अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता है तो उसका आवेदन स्वतः निरस्त माना जायेगा।

16. **कौशल परीक्षा (केवल स्टेनोंग्राफर-III एवं ड्राइवर पद हेतु)** :–स्टेनोंग्राफर-III एवं ड्राइवर पद हेतु लिखित परीक्षा के उपरान्त आवेदन किये हुए अभ्यर्थियों का विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा कौशल परीक्षा लिया जायेगा। कौशल परीक्षा की सूचना पोर्टल एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी साथ ही पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर भी SMS प्रेषित किया जायेगा एवं अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर कौशल परीक्षा हेतु उपस्थित होना अनिवार्य होगा। स्टेनोंग्राफर-III एवं ड्राइवर पद हेतु एकेडमिक स्कोर एवं लिखित परीक्षा में प्राप्तांको को जोड़कर मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी जिसमें कौशल परीक्षा के प्राप्तांक नहीं जोड़े जायेंगे परन्तु कौशल परीक्षा में अभ्यर्थी को उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों की ही केवल मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी।

17. **मेरिट लिस्ट** :–विज्ञापित सभी पदों हेतु लिखित परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बाद लिखित परीक्षा में प्राप्तांक एवं एकेडमिक स्कोर को जोड़कर मेरिट लिस्ट तैयार की जायेगी।

18. **शैक्षिक योग्यताओं सम्बन्धी मूल अंकपत्र/प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र जैसे कि जाति प्रमाण पत्र, खेलकूद एवं अनुभव इत्यादि का सत्यापन** :–मेरिट लिस्ट में आये अभ्यार्थियों को Document Verification हेतु विश्वविद्यालय में गठित समिति के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर मूल प्रमाणपत्रों के साथ अनिवार्य रूप से सत्यापन हेतु उपस्थित होना होगा।

19. **अन्तिम चयन सूची** :–Document Verification के उपरान्त Final Merit List तैयार की जायेगी।

20. **तकनीकी समस्या हेतु सम्पर्क सूत्रः**–यदि किसी अभ्यर्थी को आवेदन करने में कोई तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो वह ई–मेल **query.svpuat@gmail.com** पर ई–मेल के माध्यम से सूचित कर सकता है जिसका ई–मेल द्वारा समाधान किया जायेगा। अनावश्यक पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा।

21. **विज्ञापन से सम्बन्धी सूचनाएं** :– अभ्यर्थियों की जानकारी हेतु सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.svpmeerut.ac.in** पर उपलब्ध रहेंगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह समय–समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट को देखते रहें।

31/08/2021

**निदेशक,**
**प्रशासन एवं अनुश्रवण**